



# बड़वाह में चौराहों पर हर दिन मंडराता हादसों का खतरा

## बस स्टैंड से हो बसों का संचालन, चौराहों पर बसों का रुकना किया जाए बंद

**नवभारत न्यूज**

**बड़वाह, निप्र ।** बड़वाह क्षेत्र में संचालित यात्री बसों का नियमित संचालन बस स्टैंड से सुनिश्चित किया जाए तथा मुख्य चौराहों और सड़कों पर बसों के रुकने पर सख्ती से रोक लगाई जाए। नागरिकों का कहना है कि कई बसें निर्धारित बस स्टैंड के बजाय प्रमुख चौराहों पर रुककर सवारी भरती हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है।

लोगों के अनुसार चौराहों पर बसों के रुकने से बाजार क्षेत्र में आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन और परिवहन विभाग से मांग की है कि बसों के लिए बस स्टैंड से ही यात्रियों को बैठाने और उतारने की व्यवस्था सख्ती से लागू कराई जाए। लोगों का कहना है कि यदि बसों का संचालन व्यवस्थित रूप से बस स्टैंड से किया जाए तो यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और शहर में अनावश्यक भीड़भाड़ कम होगी। साथ ही चौराहों पर हो रहे अव्यवस्थित ठहराव पर भी प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकेगा।





**पीक आवर्स में डरावने हालात, नियमों की उड़ रही धज्जियां:-** सुबह और शाम के पीक टाइम में शहर के प्रमुख चौराहों की स्थिति और भी भयावह हो जाती है। चारों ओर वाहनों की लंबी कतारें, बेतरतीब खड़े वाहन और बिना किसी नियम के दौड़ते ऑटो एवं टेम्पो मिलकर खतरनाक माहौल तैयार कर रहे हैं। कई स्थानों पर ट्रैफिक नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नजर नहीं आती, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

**बेतरतीब खड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग:-** नगर के मुख्य बाजार, चौराहों और व्यस्त मार्गों पर अव्यवस्थित पार्किंग के कारण लगातार यातायात प्रभावित हो रहा है। नागरिकों ने प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग की है कि सड़क किनारे मनमाने तरीके से खड़े किए जाने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि अवैध और बेतरतीब पार्किंग न केवल जाम की बड़ी वजह बन रही है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ा रही है। नागरिकों ने शहर में नियमित यातायात अभियान चलाने, नो-पार्किंग क्षेत्रों को चिन्हित करने और नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना लगाने की मांग की है।

## पुरुषोत्तम मास में ब्रजधाम हवेली ट्रस्ट में रक्तदान शिविर, 121 यूनिट खून संग्रहित



**खरगोन, निप्र ।** भीषण गर्मी के बीच रविवार को मानवता, सेवा और श्रद्धा की अनूठी मिसाल देखने को मिली। पुरुषोत्तम मास के धार्मिक आयोजनों के साथ सामाजिक सरोकार निभाते हुए श्री पुष्टि परिवार ट्रस्ट ब्रजधाम हवेली द्वारा राधा कुंज मांगलिक परिसर में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गोस्वामी प्रथमेश कुमार महोदय, अहमदाबाद के आह्वान पर आयोजित इस शिविर में 121 लोगों ने रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने का संकल्प लिया। शिविर की विशेष बात यह रही कि बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी रक्तदान कर सेवा और समर्पण का संदेश दिया। ब्रजधाम हवेली के व्यवस्थापक नवनीत महाजन ने बताया की पुरूषोत्तम मास में दान का महत्व है। हमारे गुरूजी गोस्वामी प्रथमेश कुमार महोदयए अहमदाबाद के आह्वान पर रक्तदान शिविर आयोजित किया। विशेष रूप से सिकल सेल एनीमिया एवं थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों की सहायता के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। शिविर का आयोजन ब्लड बैंक के सहयोग से हुआ। रक्त संग्रहण कार्य डॉ. विनय सिंह चौहान, ब्लड बैंक अधिकारी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी सचिन चौहान की टीम द्वारा किया गया।

## पश्चिम बंगाल के युवक से 4 अवैध देशी पिस्टल और एक देशी कट्टा बरामद



**खरगोन, निप्र ।** जिले में अवैध हथियार खरीद-फरोख्त का मामला उजागर करते हुए पुलिस ने एक तस्कर को 4 देशी पिस्टल एवं एक देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। यह आरोपी मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल का होकर हाल मुकाम इंदौर है। गिरफ्तार आरोपी ने सिगनुर से हथियार खरीदे थे, जिसे बस का इंतजार करते समय पुलिस ने धरदबोचा। जब्तशुदा हथियारों की कीमत 95 हजार रुपए आंकी गई है। भीकनगांव थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 23 मई को चौकी बमनाला ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम ललनी में पोई फाटा प्रतिक्षालय पर घेराबंदी की। यहां निगरानी रखी गई। इसी दौरान एक संदिग्ध पीठ पर काला रंग का बैग लिये प्रतिक्षालय पर बैठा नजर आया। घेराबंदी कर पकड़े गए, युवक ने अपना नाम आमिनूल इस्लाम पिता साजाहान अली निवासी काशीमनगर नुतनपारा रायपुर थाना हरीहरपारा, जिला मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल हाल मुकाम देवास नाका निपानिया इंदौर का होना बताया। बैग को चेक करने पर उसमें 4 देशी पिस्टल एवं 1 देशी कट्टा मिला। आमिनूल से पुलिस ने 95 हजार रुपए कीमत के अवैध हथियारों के साथ ही एक मोबाइल फोन जब्त कर प्रकरण दर्ज किया है। आमिनूल ने पुलिस को बताया है कि इंदौर में काम करने के दौरान उसकी पहचान ग्राम टेमरनी के युवक से हुई, जिसने सिकलीगर से उसे उक्त अवैध हथियार उपलब्ध कराएं है। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी की जाएगी।

## कांग्रेस विधानसभा प्रभारी सिलावट ने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर किया पंचायत कमेटियों का गठन



**खरगोन, निप्र ।** संगठन सृजन के तहत कांग्रेस के खरगोन विधानसभा प्रभारी ओम सिलावट ने ब्लॉक कांग्रेस खरगोन के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को दौरा किया। इस दौरान पंचायत कमेटियों का गठन किया।

बैठक के दौरान विधानसभा प्रभारी सिलावट ने कहा कि संगठन सृजन के तहत पहले जिला, ब्लॉक और मंडलम का गठन हो चुका है, अब इसके अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण चरण में पंचायत एवं वार्ड कमेटियों का गठन किया जा रहा है। यही संगठन सजन का प्रमुख उद्देश्य है। कांग्रेस पंचायत एवं वार्ड स्तर पर मजबूत हो। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में नवगठित कांग्रेस पदाधिकारीयों का प्रशिक्षण भी आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कांग्रेस संगठन अपेक्षित रूप से मजबूत है। हम प्रत्येक ग्राम पंचायत में सर्वसम्मति से कमेटियों का गठन कर रहे हैं, ताकि बूथ स्तर तक मजबूत बने। जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजेश मंडलोई ने बताया कांग्रेस के नेताओं ने रणगांव, दाबड़ सुरपाला, इच्छापुर, पिपरी, घोटिया, बनिहार, ऊन, नंदगांव रोड, डालका और सिनखेड़ा में बैठके लेकर पंचायत कमेटियों का गठन किया। पंचायत चुनाव को लेकर वोटर लिस्ट में नाम जोडने् घटाने की प्रक्रिया भी समझाई।

## आकाशवाणी का 71वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**खरगोन, निप्र ।** सनावद बड़वाह-मां नर्मदा रेडियो श्रोता संघ के श्रोता गणो ने रेडियो प्रेरणादायक सशक्त स्तम्भ का कार्यक्रम कासम कालोनी मे मनाया गया। समारोह का संचालन-वरिष्ठ रेडियो श्रोता पुष्पेन्द्र रावल रिटा.शि.व समाज सेवी ने किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य मा.के.आर. कुमेकर विशेष अतिथि मा.रामेश्वर पंचोली व डा. आर. खेरदे पधारे. सर्वप्रथम अतिथि गणो ने रेडियो पर माल्यार्पण किया। पश्चात रेडियो प्रेमी श्रोताओं ने अतिथियों का पुष्प हारो से अभिनंदन किया। स्वागत शब्द वंदन अध्यक्ष मो.सादिक खत्री ने रेडियो को परिवार का अंग बताया.व हमे जीने की कला का सम्पूर्ण दिग्दर्शक व हमारा सर्वागींण विकास रेडियो से ही होता है। अतिथि गणो ने रेडियो को प्रबुद्ध व सरल सहज सस्ता संयंत्र बताया है। सभी ने आकाश वाणी इंदौर के प्रसारण के महत्व पर विस्तारित संबोधन प्रस्तुत किये। सन् साठ पैसठ के दशक मे इंदौर से प्रसारित नंदा जी बहरा जी खेती गृहस्थी कार्यक्रम को निमाड़ मे गांवो मे समूह मे बैठकर सुनकर लाभान्वित होते थे.इंदौर से तात्कालिन समय मे उद्घोषिका आदरणीय शारदा सायमन का मनभावन प्रस्तुति का अंदाज बेहद रोचक होता था। विशुद्ध उच्चारण. मनमोहक सुरीला अंदाज सबको भाता है। इंदौर आकाश वाणी का सानी कोई नही.अद्धितीय प्रसारण आकाशवाणी इंदौर की बेहद लोकप्रियता मे समाहित है। वर्तमान मे मन की बात कार्यक्रम भी प्रेरणादायक लगता है। इंदौर के उद्घोषक गण निमाड़ के गांवो मे रेडियो की महत्ता व जनमानस की मांग को सुनकर स्थल रेकार्डिंग करते है। निमाड़ी लोकगीत भजन एवं वार्ता परिचर्चाओं को सुनाते है। सभी अतिथियों ने रेडियो से जुड़े रहने के शानदार संस्मरण सुनाये व सुरीले नगमे भी प्रस्तुत कर कार्यक्रम को रंगारंग सजाया।





## खूनी संघर्ष में बदला जमीन विवाद, तीर-कमान, तलवार और लाठियों से हमला, दो की मौत

**खरगोन, निप्र ।** जिले के ग्राम बिलखेड़ में एक परिवार के बीच जमीन विवाद को लेकर चल रही रंजिश खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई। शनिवार शाम दो पक्षों में चल रहा विवाद गहरा गया और देखते ही देखते तीर-कमान, तलवार और लाठियों से किए गए हमले में 9 लोग लहुलूहान हो गए। इसमें एक की दर्दनाक मौत हो गई। 8 घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायलों में एक महिला भी शामिल है।

विवाद पारिवारिक होकर जमीन कब्जे को लेकर था। उपचाररत कालू पिता बच्छू जमरे ने बताया कि जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। पूर्व में बंटवारा भी हो चुका है। बावजूद इसके और अधिक जमीन की चाह में विवाद हो रहा है। शनिवार को दूसरे पक्ष ने खेत में रखी लकडियां जला दी, जिसका विरोध करने पर हमलावर हो गए।

**पिता की मौत दो बेटे और पत्नि गंभीर :-** हमले में घायल दशरथ पिता बच्छू ने बताया कि हमलावर जान से मारने की नियत से आए थे। जानलेवा वार से मेरे बेटे अड़ता की मौत हो गई। हमले में अड़ता के दो बेटे सूरज अड़ता और परम अड़ता गंभीर के साथ ही अड़ता की पत्नि मसरीबाई गंभीर रुप से घायल हो गए। परम का आईसीयू में उपचार चल रहा है। अस्पताल से मिली जानकारी अनुसार राकेश रणत्या भी घायल हुए है। मुकेश पिता दशरथ जमरे की हालत बिगडने् पर शनिवार रात रैफर कर दिया गया। मिली जानकारी अनुसार मुकेश को परिजन रैफर करने के बाद शहर के ही निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। चैनपुर थाना और हेलापड़ावा पुलिस ने विवाद स्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए हैं। हेलापड़ावा चौकी प्रभारी रमेश गहलोत ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया प्राथमिक जांच में मामला जमीन के आपसी विवाद का सामने आया है।





**एक नजर में** — ग्राम पानवा के पास वारदात को दिया था अंजाम , पुलिस ने सक्रियता से पकड़े बदमाश

## महिला से छेड़छाड़ कर दिनदहाड़े लूट के आरोपी नाबालिग सहित 4 गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र ।** ग्राम पानवा के समीप एक महिला और उसके साथी के साथ दिनदहाड़े मारपीट कर लूटपाट करने वाले आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े है। आरोपियों ने 21 मई को महिला के साथ छेड़छाड़ करने के साथ ही युवक के साथ मारपीट कर सोने के आभूषण और मोबाइल फोन लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल था।

पुलिस के अनुसार 21 मई को मराल कम्पनी में कार्यरत एक महिला कर्मचारी ने चौकी खलटांका में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि, वह दोपहर करीब 3 बजे कम्पनी से छुट्टी होने के बाद अपने सहकर्मी रितिक के साथ बाईक से बालसमुद की ओर जा रही थी। रास्ते में ग्राम पानवा में अत्यधिक गर्मी होने के कारण दोनों पानी पीने के लिए नीम के पेड़ के नीचे बैठे थे। इसी दौरान चार युवक आए और हमसे पूछताछ करते हुए वीडियो एवं फोटो बनाने की बात कही। विरोध करने पर आरोपियों ने रितिक एवं महिला के साथ टिफिन एवं लकड़ी से मारपीट की। महिला के साथ अश्लील हरकत करते हुए उसके साथ छेड़छाड़ की। इसके बाद मोबाइल फोन छीन लिया और मोबाइल का पासवर्ड पूछा। डर के कारण महिला ने अपना मोबाइल पासवर्ड बता दिया, इसके बाद आरोपियों ने 10 हजार रुपये अनलाइन ट्रांसफर कर लिए। घटना के दौरान महिला के गले में पहनी काले मोतियों की माला, जिसमें सोने का पेंडल एवं सोने के मोती लगे थे, कान की बालियां तथा नाक की बाली भी छीन ली। इसके अतिरिक्त आरोपियों द्वारा महिला का एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन तथा रितिक का मोबाइल फोन भी छीन लिया। दिनदहाड़े हुई उक्त लूट व छेड़छाड़ की घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरु की। सीसीटीव्ही फुटेज भी खंगालने के साथ ही मुखबिरों को भी सक्रिय किया गया। परिणामस्वरूप पानवा के ही रहने वाले अरुण पिता प्रताप मेवाड़े, दीपक पिता सदु मेवाड़े, अजय पिता अर्जुन मेवाड़े और एक विधि विरुद्ध बालकको घेराबंदी कर धर दबोचा। पृथक.पृथक पूछताछ करने पर सभी ने मिलकर उक्त घटना को कारित करना स्वीकार किया। इनके कब्जे से लूटी गई सोने के कान की बालियां, नाक का काटा, गले का मगल सूत्र, लूटे गए 2 मोबाइल व 10 हज़ार रुपये नगदी कुल 90 हजार रुपये का मश्रुका जब्त किया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई बाईक एवं आरोपियों के 4 मोबाईल भी जब्त किए गए है। आरोपी दीपक और अरुण के खिलाफ पूर्व में भी बलकवाड़ा थाने पर अपराध दर्ज है।



## एक नजर में

### गौ माता की अवैध तस्करी रोकने के लिए ज्ञापन

**गोगावां, निप्र ।** बकरीद के पूर्व अवैध रूप से गौ वंश परिवहन, अवैध गौ तस्करी रोकने एवं गौ तस्करो पर कठोर कार्रवाई करने हेतु विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग मालवा प्रान्त द्वारा प्रान्त की प्रत्येक तहसील स्तर पर ज्ञापन महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल के नाम सौंपा गया जिसके अंतर्गत गोगावां प्रखंड द्वारा भी गोगावां थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया . ज्ञापन सौपते समय कार्यकर्ताओ द्वारा थाना प्रभारी दीपक यादव से सामंजस्य बनाकर अवैध गौ तस्करी रोकने एवं गौ तस्करो के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई .थाना प्रभारी ने गौ तस्करी रोकने मे पूर्ण सहयोग के साथ साथ उचित कार्रवाई का भी आश्वासन दिया . इस दौरान प्रखंड मे निवासरत प्रान्त,विभाग, जिला, प्रखंड, खंड एवं नगर के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।



### कृषि उपज मंडी में रविवार को किया गया जिलास्तरीय कार्यक्रम



**कसरावद, निप्र ।** भीम आर्मी जिला खरगोन समीक्षा बैठक एवं आजाद समाज पार्टी कांशीराम जिला खरगोन की सदस्यता अभियान प्रारंभ को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि गोविंद खारीवाल इन्दौर संभाग प्रभारी भीम आर्मी, विशेष अतिथि सोलंकी इन्दौर संभाग संयोजक एवं बैठक का आयोजन सुनील चौहान जिला अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी खरगोन द्वारा किया गया। बैठक में वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी दिनेश चौहान, गब्बर सिंह जमरे, संदीप डावर, सुंदर वर्मा, सुरेश भालसे, दिनेश कनासे, नन्दा सिंह बड़ोले, नारी शक्ति दीपा सोलंकी, राजू ठाकुर, धूमसिंह कनोजे, राहुल बड़ोले, पवन देवड़े युवा शक्ति सुजल चौहान आदि अधिक संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में भीम आर्मी खरगोन जिला अध्यक्ष की सहमति बनी साथ ही आजाद समाज पार्टी कांशीराम खरगोन का सदस्या अभियान की शुरुआत हुई।

### युवाओं को संस्कारों, धर्म से जोडने् के लिए किया सामूहिक सुंदरकांड



**खरगोन, निप्र ।** शहर के डायवर्सन रोड़ स्थित संस्कृत विद्यालय में ब्राह्मण युवा इकाई ने सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन किया। सामूहिक रुप से एक स्वर में किए गए सुंदरकांड के पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पंडित जगदीश ठक्कर ने बताया यह शुरुआत सिर्फ एक आर्थिक मेल .जोल की नहीं, बल्कि हमारे समाज के युवाओं को एक संस्कार सूत्र में पिरोने और संगठित करने की है। जब समाज का युवा साथ मिलकर धर्म की राह पर चलता है, तो उन्नति निश्चित है। हर्ष ठक्कर के युवा मंडल ने बचत योजना के रूप में बीसी का भी शुभारंभ किया।

### शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नशामुक्त वातावरण बनाने की पहल

**खरगोन, निप्र ।** शैक्षणिक संस्थानों के आसपास विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वस्थ एवं नशामुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों एवं संस्थान संचालकों को सूचित किया गया है कि वे अपनी-अपनी संस्था के चारों ओर 500 मीटर की परिधि में स्थित किसी भी प्रकार की ड्रग अथवा नशीले पदार्थों की दुकानों की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी श्री शैलेंद्र कानुडे द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि यदि शैक्षणिक संस्थान के 500 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की नशीले पदार्थों की दुकान संचालित पाई जाती है, तो संबंधित संस्था प्रमुख स्थानीय पुलिस विभाग से समन्वय कर उसे हटवाने की कार्रवाई करें। साथ ही अपने विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को पूर्णत: नशामुक्त घोषित करते हुए उसे 'ड्रग फ्री जोन' के रूप में चिन्हित किया जाए। निर्देशों के अंतर्गत यह भी स्पष्ट किया गया है कि विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में सामान्य जानकारी दी जाए तथा विद्यालय परिसर में स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले स्थान पर नशामुक्त फ्लेक्स बोर्ड (ड्रग फ्री जोन) अनिवार्य रूप से लगाया जाए। इस संपूर्ण कार्रवाई का फोटो सहित प्रतिवेदन विद्यालयवार तैयार कर, संबंधित बी.ई.ओ. के माध्यम से दो दिवस के भीतर प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी श्री कानूडे ने सभी संस्था प्रमुखों से अपेक्षा की है कि वे इस निर्देश को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करें, ताकि विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं नैतिक विकास के लिए सुरक्षित और नशामुक्त वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

### गौवंश हत्या पर हो कठोर कार्रवाई, विहिप ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**खरगोन, निप्र ।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के गौरक्षा विभाग ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल को पत्र लिखकर बकरीद से पूर्व गौवंश हत्या व तस्करी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। विहिप पदाधिकारियों ने शनिवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर सौंपे ज्ञापन में बताया कि गौवंश को सात्विक ऊर्जा, आर्थिक समृद्धि एवं आरोग्य का सर्वश्रेष्ठ स्रोत है। संगठन ने देश में बढ़ती गौवंश तस्करी व हत्याओं की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकारों व स्थानीय पुलिस .प्रशासन से इन घटनाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का आग्रह किया। विहिप जिलाध्यक्ष इंजी. नितिन मालवीय, विनोद शर्मा, जगदीश धाकड़ आदि ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु संवेदनशीलता के साथ समुचित कदम उठाने पर जोर दिया। विहिप ने कुछ राज्यों में गौवंश हत्या रोधी कानूनों के लचर होने और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में कठोर कानून के बावजूद पुलिस-प्रशासन के कथित लचर रवैए, लापरवाही या मिलीभगत से गौवंश हत्यारों व तस्करों के सक्रिय होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसके कारण गौरक्षकों को सड़क पर उतरने के लिए विवश होना पड़ता है। संगठन ने मुस्लिम समुदाय के विद्वानों, नेताओं व वरिष्ठ लोगों से भी अपने समाज के प्रबोधन हेतु गंभीरता से प्रयास करने का आह्वान किया। विहिप ने स्पष्ट किया कि हिन्दू समाज गौवंश रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी कीमत पर गौवंश हत्या या तस्करी नहीं होने देगा। संगठन ने सभी राज्य सरकारों व पुलिस-प्रशासन से गौवंश हत्यारों व तस्करों के विरुद्ध स्वत: कठोरता से कार्रवाई करने की मांग की, ताकि गौरक्षकों को सड़कों पर आने के लिए मजबूर न होना पड़े। संगठन ने यह भी मांग की कि बकरीद के अवसर पर वाहनों में गौवंश को लाने .ले जाने की अधिकतम संख्या में दी जाने वाली ढील न दी जाए। राजस्थान व महाराष्ट्र सरकारों की तर्ज पर मध्य प्रदेश शासन से भी गौमाता को राज्यमाता का दर्जा प्रदान करने और अतिक्रमित गौचर भूमियों को शीघ्र मुक्त करने की मांग की गई है।